भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 304 का उत्तर

नुआपाड़ा से बारगढ़ के बीच ब्रॉड-गेज

304. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

ओडिशा राज्य में नुआपाड़ा से बारगढ़ के बीच प्रस्तावित ब्रॉड-गेज रेल लिंक/ संपर्क रेल लाइन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

बरगढ़ रोड - नुआपड़ा रोड नई रेल लाइन (138.32 किमी.) परियोजना को दिसंबर 2021 में प्रारंभ में ओडिशा रेल अवसंरचना विकास लिमिटेड (ओआरआईडीएल) के माध्यम से राज्य सरकार ओडिशा द्वारा निष्पादन हेतु शुरु किया गया था। बहरहाल, ओडिशा रेल अवसंरचना विकास लिमिटेड द्वारा कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं की गई, जिसके कारण पूर्व तट रेलवे ने ओडिशा रेल अवसंरचना विकास लिमिटेड (ओआरआईडीएल) से परियोजना को अपने हाथ में लेने के लिए अनुरोध किया और 05.06.2023 को कार्य के शीघ्र निष्पादन हेतु परियोजना का अधिग्रहण कर लिया। तत्पश्चात, क्षेत्रीय रेलवे द्वारा फास्ट ट्रैक मोड पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार, भूमि की लागत को छोड़कर, परियोजना की लागत लगभग 2621.92 करोड़ रुपये है। ओडिशा सरकार नि:शुल्क भूमि उपलब्ध कराने पर सहमत हो गई है।

s.k

रेल परियोजनाओं के त्वरित अनुमोदन और कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों में (i) अनुमोदन और कार्यान्वयन के स्तर पर हितधारकों को शामिल करने के लिए गति शक्ति सिद्धांतों का पालन करना (ii) परियोजनाओं की प्राथमिकता निर्धारण (iii) प्राथमिकता वाली परियोजनाओं पर धन के आवंटन में पर्याप्त वृद्धि (iv) फील्ड स्तर पर शक्तियों का प्रत्यायोजन (v) विभिन्न स्तरों पर परियोजना की प्रगति की गहन निगरानी, और (vi) भूमि अधिग्रहण, वानिकी और वन्यजीव मंजूरी में तेजी लाने और परियोजनाओं से संबंधित अन्य मुद्दों को हल करने के लिए राज्य सरकारों और संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित अनुवर्ती कार्रवाई करना शामिल हैं।

****

s.k